हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 13 जून, 2025

11 बिजली पानी आपूर्ति पर लापरवाही नहीं बरतें

12 विानी डीपीसी ने किया औचक निरीक्षण


## खबर संक्षेप

### जाति प्रमाण पत्र ई-दिशा पोर्टल से डाउनलोड करें

**चरखी दादरी।** अगर किसी की बीसी, ओबीसी, एससी और डीएससी प्रमाण पत्रों की फाइलें लंबित थीं, उनका काम अब ई-दिशा पोर्टल के बैकएंड से पूरा कर लिया है। अब जिन लोगों ने ये प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया था, वे अपने प्रमाण पत्र सीधे इसी पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि ओबीसी, ओएससी और डीएससी प्रमाण पत्र डाउनलोड करने के लिए केवल -दिशा का ही इस्तेमाल करना होगा। इस काम के लिए सरल हरियाणा की साइट पर न जाएं, जिनके प्रमाण पत्र तैयार हो गए हैं, उन्हें मैसेज के जरिए लिंक भेजा जा रहा है, ताकि वे आसानी से अपना प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकें।

### डॉ. अजय सिंह चौटाला 15 को भिवानी आएंगे

**भिवानी।** जननायक जनता पार्टी के संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला 15 जून को सुबह 10 बजे देवीलाल सदन में पहुंचेंगे। इस दौरान उनके साथ सहप्रभारी अभिमन्यु राव भी साथ रहेंगे। वे भिवानी जिला के कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे व उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश देंगे। यह जानकारी जजपा जिला प्रधान व जिला प्रभारी ने दी है। उन्होंने बताया कि 15 जून के भिवानी दौरे के दौरान डॉ. अजय सिंह चौटाला कार्यकर्ताओं को पार्टी विस्तार एवं सदस्यता अभियान के बारे में जरूरी दिशा-निर्देश देंगे।

### पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**चरखी दारदी ।** महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में एक मेडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# 17 निर्माणों को तोड़ने पहुंचा प्रशासन पार्षदों की मध्यस्थता से मिली मोहलत

## कब्जाधारियों ने स्वयं कब्जे तोड़ने का दिया भरोसा, पुल निर्माण कराने वाला अमला पहुंचा वापस




भिवानी। अवैध कब्जे तोड़ने पहुंचे अधिकारी और अधिकारियों से कुछ दिनों की मोहलत के लिए बातचीत करते पार्षद।
फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हालवास गेट इलाके में सरकूलर रोड पर आगे बढ़े कब्जाधारियों के कब्जे हटाने के लिए रेलवे के साथ जिला प्रशासन मौके पर पहुंचा। इस दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। अवैध कब्जा हटाने के लिए जेसीबी का पीला पंजा चलने ही वाला था कि मौके पर अनेक लोग पहुंच गए।


इस दौरान नगरपरिषद के पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने निर्माण ढहाने के लिए नियुक्त किए गए डयूटी मजिस्ट्रेट से 20 दिन की मोहल्लत दिलाए जाने की गुजारिश की। साथ ही दोनों पार्षदों ने भरोसा दिलाया कि सभी 17 लोग, जिनको नोटिस जारी किए गए है। वे सभी अपने आप निर्माण को हटा लेंगे। पार्षदों व वहां पर मौजूद लोगों के निर्माण अपने आप गिराए जाने का भरोसा दिलाए जाने के बाद प्रशासन ने 20 दिन की मोहल्लत दे दी। साथ ही कहा कि अगर निर्धारित समयावधि में निर्माण नहीं हटाए तो निर्माण तो गिराए जाएंगे। साथ में कानूनी कार्रवाई भी होगी। इस पर सभी सहमत हो गए। तभी वहां से प्रशासन वापस आया।

- कब्जाधारियों को 20 दिन में स्वयं हटाने होंगे कब्जे
- 17 लोगों को जारी किए गए थे नोटिस
- मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा

**12 बजे तक का दिया था समय:** सरकूलर रोड पर रेलवे से एक पुल का निर्माण करवा रहा है। वहां कुछ लोगों ने अपने मकान या दुकानों के निर्माण सड़क तक बढा लिया। यां यू कहिंए कि उन्होंने सड़क तक अवैध कब्जे खड़े कर लिए। अब पुल का निर्माण हो रहा तो अवैध कब्जों की वजह से निर्माण कार्य बाधित हो रहा है। साथ में पुल की चौड़ाई भी कम हो रही है। इसी मामले को लेकर रेलवे ने इन 17 लोगों को नोटिस जारी किए थे ओर उनको 12 जून दोपहर 12 बजे तक का समय दिया था। कि वे अपने आप अवैध कब्जा हटा ले नहीं तो 12 बजे के बाद रेलवे प्रशासन अपने आप हटवाएगा, जिस जमीन पर निर्माण खड़े किए हुए है उन पर लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए है। उसी के तहत रेलवे प्रशासन, रेलवे पुलिस, हरियाणा पुलिस रेल अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची।

### लोगों ने की थी समय दिलवाने की मांग: पार्षद

पार्षद सुभाष तंवर व पार्षद संदीप यादव ने बताया कि उनको हालवास गेट के लोगों ने सूचना दी थी कि उनके मकानों व दुकानों के बाहर नोटिस चस्पाएं हुए है और आज 12 बजे तक का समय दिया गया है। वे इसी वक्त वहां पर पहुंचे। उस वक्त रेलवे प्रशासन के अलावा हरियाणा पुलिस भी मौजूद थी। इनके अलावा पुल का निर्माण करने वाली कम्पनी के अधिकारी व रेलवे के कार्यकारी अभियंता भी मौके पर पहुंचे हुए थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान इलाके के लोगों ने कुछ समय दिलाए जाने की कही। लोगों की गुजारिश के बाद वे रेलवे के कार्यकारी अभियंता व अन्य अधिकारियों से मिले और उन्होंने भी इस मामले में करीब तीन सप्ताह का समय दिए जाने की मांग की। इस पर अधिकारियों ने 20 दिन का समय दिया है। ताकि जिन लोगों ने कब्जे किए हुए है। वे अपने आप कब्जे हटा ले। अगर इस दौरान कब्जा नहीं हटाया जाता तो वे उनके खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे।



# पुलिस ने अवैध हथियारों के सप्लायर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी सीआईए स्टाफ ने अवैध हथियार सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं। आरोपी के तीन साथियों को पांच दिन पहले दो पिस्तौल सहित काबू किया था।

- आरोपी के तीन साथियों को पांच दिन पहले दो पिस्तौल सहित किया था काबू
- आरोपियों ने पिस्तौल भोजावास निवासी सोमबीर उर्फ बल्लू से खरीदे थे

पूछताछ के बाद तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि शनिवार को सीआईए स्टाफ शनिवार को महेंद्रगढ़ जिले के गांव भोजावास निवासी अंकुर उर्फ बौना व नितीन उर्फ छोटू और भिवानी जिले के गांव बडेसरा निवासी नमन उर्फ भान्जा को दो पिस्तौल और कारतूस सहित गिरफ्तार किया था। ये तीनों अवैध हथियारों की सप्लाई में संलिप्त थे। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पिस्तौल भोजावास निवासी सोमबीर उर्फ बल्लू से खरीदे थे। सोमबीर अवैध हथियारों खरीद फरोख्त करता है। पुलिस ने बीती रात सोमबीर उर्फ बल्लू को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अंकुर उर्फ बौना व नितीन उर्फ छोटू और नमन उर्फ भान्जा को उसने अवैध पिस्तौल बेचे थे। पुलिस ने आरोपी सोमबीर को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



भिवानी। पुलिस हिरासत में अवैध हथियार का सप्लायर।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर रेडक्रॉस सोसायटी में रक्तदान शिविर 14 को

**भिवानी।** विश्व रक्तदाता दिवस पर भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार रेडक्रॉस भवन में 14 जून को प्रातः 9 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य लोगों को जरूरत के समय रक्त की अहमियत से अवगत करवाते हुए उन्हें समय-समय पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना रहेगा, ताकि प्रत्येक जरूरतमंद तक समय पर रक्त पहुंचाया जा सकें।

- गर्मी के मौसम में रक्त की बढ़ जाती है डिमांड : प्रदीप कुमार

जिला रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में रक्त की डिमांड बढ़ जाती है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह समय-समय पर रक्तदान करते रहे, ताकि ब्लड बैंकों में रक्त की कमी ना रहे तथा रक्त की कमी के अभाव में कोई मरीज अपनी जान न गवाएं। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जिसके माध्यम से हम ना केवल दूसरों का जीवन बचा सकते है, बल्कि रक्तदाता स्वयं भी ह्दृय सहित विभिन्न बीमारियों से बच सकता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले, ताकि किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने के अभियान में सहयोग कर सकें।

# नौकरी दिलवाने के नाम पर की लाखों की ठगी, आरोपित दबोचा

- आरोपी ने तीन बच्चों के फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भिजवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस ने सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया। गांव अचीना निवासी सुभाष ने बौंदकलां थाना में दी शिकायत में बताया कि उसी के गांव का रहने वाला दीपक शर्मा ने उसकी मुलाकात उत्तर प्रदेश के राखीपुर निवासी रमेश से करवाई थी। रमेश ने उसको बताया कि उसने बच्चों को कोचिंग देने के लिए एकेडमी खोल रखी है और कोचिंग के बाद फार्म अप्लाई करवा कर उन्हें नौकरी दिलवाता है। पीड़ित सुभाष ने अपने भांजे यामिन और चार अन्य बच्चों की नौकरी के बारे में रमेश से बातचीत की।

रमेश ने सबको धोखे में डाल कर लखनऊ में चार-पांच महीने तक रखा और उनके घर वालों के पास फोन करके पैसे मंगवाता रहा। उन बच्चों के घरवाले सुभाष को पैसे भेजते थे और सुभाष रमेश के खाते में ट्रांसफर कर देता था। इस प्रकार रमेश के खाते में कुल 25 से 30 लाख रुपये डाल दिए और यामिन तीन लाख रुपये नकद आरोपी को दिए। रमेश ने पीड़ित के भांजे को नौकरी दिलाने की ये कहकर मना कर दिया कि इसकी उम्र अधिक है और उन बच्चों के फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भिजवा दिए। जब इन्होंने रमेश से पैसे वापस मांगे तो उसने मना कर दिया व जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने शिकायतकर्ता सुभाष व धोखाधड़ी के शिकार हुए अनिरुद्ध, विक्रांत व अजय से पुछताछ की और उनके बैंक खातों की स्टेटमैंट का रिकार्ड लिया। पुलिस ने आरोपी रमेश सिंह को राखीपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी को रिमांड पर लिया गया है।



# चिट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों की बैठक 15 को हुडा पार्क में होगी

**भिवानी।** चीट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों का भुगतान करवाने के उद्देश्य से बड्स एक्ट-2019 के देशभर में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर कार्यालय खोले गए थे, जिसके तहत इन कार्यालयों में निवेश संबंधी दस्तावेज जमा करवाने के 180 दिनों में दो से तीन गुणा तक भुगतान का प्रावधान किया था, लेकिन बड्स एक्ट-2019 कार्यालय खुलने के 15 माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी पीड़ित निवेशकों की जमापूंजी नहीं मिली।

इसी के विरोध में आगामी संघर्ष की रूपरेखा तैयार करने के लिए ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (तपजप) संगठन के बैनर तले 15 जून को एक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। तपजप के जिला प्रधान रमेश तंवर व महिला जिला प्रधान बिमला ने बताया कि बैठक 15 जून को प्रातः 9 बजे हुडा पार्क में होगी। बैठक के दौरान से बड्स एक्ट-2019 के तहत खुले कार्यालय में पीड़ित निवेशकों द्वारा जमा करवाए गए दस्तावेजों की रिसीविंग एकत्रित की जाएगी, ताकि उनके आधार पर जमापूंजी के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई जा सकें।

# आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया शुरू

- सत्र 2025-26 के लिए 20 जून तक स्वीकार किए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि जिला के सभी राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 में दाखिला प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है।हरियाणा कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग मे 6 से 20 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट पर स्वीकार किये जाएंगे।



- राजकीय औद्योगिक संस्थान भिवानी में कुल 23 विभिन्न व्यवसाय में 836 सीटें
- दस्तावेज आधार कार्ड से होंगे मैच

उन्होने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन काउंसलिंग राउंड और सीट आवंटन से संबंधित जानकारी 6 जून 2025 से विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है । जिले में 10 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान है। उन्होने बताया कि राजकीय औद्योगिक संस्थान भिवानी में कुल 23 विभिन्न व्यवसाय में 836 सीट है। आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों से अनुरोध है कि वे आवश्यक दस्तावेज जैसे कक्षा 10वीं/12वीं का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पारिवारिक पहचान पत्र, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आदि तैयार रखें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आधार कार्ड में दी गई जानकारी कक्षा 10वीं/12वीं के प्रमाण पत्र में दी गई जानकारी से मेल खाती हो।

### एक लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से 1,00,000 रुपए निकालने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अजीत निवासी भिवानी ने थाना साईबर क्राइम पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके खाते से ऑनलाइन 1,00,000 रुपये आरोपियों के द्वारा धोखाधड़ी से निकाल लिए गए थे जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना साइबर क्राइम भिवानी में दर्ज किया था। थाना साइबर क्राइम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से पैसे निकालने के मामले में एक आरोपी को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर गिरफ्तार किया है। आरोपी की राकेश निवासी कोलकाता का है।

## दर्जनों घरों में नहीं पहुंच रहा पेयजल

# पेयजल पाइप लाइन में रुकावट से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

भयंकर गर्मी के सीजन में भी शहर के मुख्य बाजार के कई घरों पेयजल तक नही पहुंच पा रहा है। जिसको लेकर अनेक लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग को इसकी शिकायत की तथा शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करके शीघ्र समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया है।

बता दें कि लोहारू शहर में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा घरों में पेयजल की सप्लाई के लिए वर्षों पुरानी पाइप लाइन डाली हुई है तथा पिछले दिनों शहर के लोगों को केनाल बेस पेयजल सप्लाई मुहैया करवाने के लिए एक और पाइप लाइन डाली गई।

- अधिकारियों ने किया निरीक्षण, शीघ्र समाधान का आश्वासन
- नई पाइप लाइन डालते समय हुई लापरवाही



लोहारू। लोहारू में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पेयजल की पाइप लाइन से निकली पन्नी दिखाते हुए लोग। *फोटो: हरिभूमि*

लोगों का कहना है कि नई पाइप लाइन डालते समय लापरवाही हुई है, जिसके कारण मुख्य लाइनों में पन्नी और कचरा फंसा हुआ है। यहीं कचरा पेयजल सप्लाई में रुकावट बना रहा है। दो दिन पहले मोगा मेडिकल के सामने दो पेयजल कनेक्शन की नीति तौर से खुदाई करवाने पर दोनों ही कनेक्शन में थैलियां फंसी मिली थी। जिनको निकालने के बाद दोनों घरों की पेयजल आपूर्ति दुरूस्त हो गई। संजय जोशी, जैनेस, डॉ. सोनी, राधेश्याम आदि ने बताया कि कई दिनों से उनके नलों में पेयजल की सप्लाई ठीक से नही हो रही है तथा पाइप लाइन में रुकावट के कारण पूरे दिन में चार बाल्टी भी पानी नही पहुंच पा रहा है तथा गर्मी के मौसम में पेयजल के बिना काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत के बाद गुरुवार दोपहर जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ गिरीश कुमार विभाग के जेई और स्टाफ सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने जेई को शीघ्र से शीघ्र खुदाई कराके पाइन लाइनों की जांच करवाने के निर्देश दिए।

# वृंदावन से कुगंड़ियों के मंदिर के लिए श्रीमद्भागवत पदयात्रा दो जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वृंदावन उत्तर प्रदेश से कुगंड़ियों के मंदिर भिवानी के लिए श्रीमद्भागवत पद यात्रा दो जुलाई से शुरू होगी, ये जानकारी देते हुए मंडन मिश्र एडवोकेट और सार्थक एडवोकेट ने बताया कि दो जुलाई से वृंदावन से भिवानी के लिए पदयात्रा आरम्भ होगी।

मनोज मिश्र व मुकेश जांगड़ा ने बताया कि यात्रा चार जुलाई को भिवानी आएगी। पदयात्रा के चार जुलाई को भिवानी आने के बाद नगर में श्रीमद्भागवत कथा के लिए कलश यात्रा निकाली जाएगी। राजेश असीजा व मनीष यादव ने बताया कि गुरुदेव डॉ. विनय मिश्र अपने मुखारविंद ने श्रीमद्भागवत की कथा का वर्णन करेंगे। सौरभ रोहिल्ला व आकाश बागोरिया ने बताया कि चार जुलाई से 10 जुलाई तक श्रीमद्भागवत कथा कुगंड़ियों के मंदिर दिनोद गेट पुलिस चौकी के सामने गली में किया जाएगा।

- 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर और श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर विशाल हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा

उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर और श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर विशाल हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुदेव डॉ. विनय मिश्र द्वारा नाम दीक्षा प्रदान करने का विशेष आयोजन होगा। सभी गुरू मंत्र प्राप्त साधक अपने गुरु की विशेष पूजा भी करेंगे।







चाइल्ड आर्टिस्ट्स

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है। बच्चों के लिए उसके पापा किसी सुपर हीरो से कम नहीं होते। फादर्स-डे के मौके पर कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि किन खूबियों की वजह से वे अपने पापा को दुनिया का बेस्ट पापा मानते हैं। साथ ही ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं कि इस बार फादर्स-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे।

# माय पापा इज द बेस्ट

## पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूडः आर्यन प्रजापति





**आर्यन प्रजापति** एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक का रोल प्ले कर रहा है, जो दर्शकों को खूब भा रहा है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, हंसते हुए बताता है, 'मैं एक कार्ड बना रहा हूं, जिसमें मैं पापा के लिए अपनी फीलिंग्स लिखूंगा। साथ ही मैं उनका फेवरेट केक भी लाऊंगा। हम सब मिलकर घर पर छोटा सा सेलिब्रेशन करेंगे। पापा को क्रिकेट बहुत पसंद है, तो मैंने सोचा है कि हम दोनों मिलकर पास के मैदान में क्रिकेट खेल कर थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे। इस फादर्स-डे मैं अपने पापा को यह जताना चाहता हूं कि वो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं।' पापा की वो बात जो आर्यन के लिए जिंदगी भर के लिए सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा अकसर कहते हैं कि जब हम अपना काम पूरी मेहनत, ईमानदारी से करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है।' आर्यन के लिए उसके पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड। चाहे कितनी भी बड़ी टेंशन हो, वो हमेशा शांत रहते हैं। बहुत ही सुलझे तरीके से सिचुएशन को हैंडल करते हैं। वो ना सिर्फ एक अच्छे पापा हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेंटर भी हैं। मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा बहुत हार्डवर्किंग हैं आरिया सकारिया



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछमा का रोल कर रही आरिया सकारिया फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, आरिया बताती है, 'इस दिन मैं अपने पापा को लेकर बाहर घूमने जाऊंगी। हम बाहर ही ब्रेकफास्ट करेंगे, शॉपिंग करेंगे और मूवी देखेंगे।' पापा की कोई ऐसी बात, जो आरिया के लिए जिंदगी भर का एक सबक बन गई हो, यह पूछने पर वह बताती है, 'मेरे डैड ने मुझे सिखाया है कि लाइफ में कोई भी प्रॉब्लम आ जाए, कभी हार मत मानना, क्योंकि कोई भी ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, जिसका सॉल्यूशन न हो। पापा की यह बात मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा सबक है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।' आरिया की नजर में उसके पापा की वह क्वालिटी, जो उन्हें बेस्ट पापा बनाती है, वह बताती है, 'मेरे डैड की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है कि वो मेरी मॉम की बहुत रेस्पेक्ट करते हैं। वह हर काम में मां की हेल्प करते हैं। मेरे पापा बहुत हार्ड वर्किंग हैं। चाहे जितना भी थक गए हों, वो हमारे साथ जरूर टाइम स्पेंड करते हैं! इन्हीं वजहों से मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा ने दी है सीख कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए : अहनाफ खत्री



**जी टीवी** के शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन की भूमिका निभा रहा अहनाफ खत्री के लिए उसके पापा उसकी लाइफ में सबसे इंपॉर्टेंट हैं। वह कहता है, 'मुझे अपने पापा से बहुत प्यार है, वो मेरे लिए खुद से भी ज्यादा इंपॉर्टेंट हैं।' अहनाफ ने इस बार फादर्स-डे पर क्या कुछ खास प्लान कर रखा है, वह बताता है,'अबकी मैं फादर्स-डे बहुत स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट करूंगा। मैं अपने पापा के साथ घूमने जाऊंगा। हमारे साथ कोई और नहीं होगा, सिर्फ मैं और मेरे पापा होंगे। मेरे पापा को नाइनटीज के गाने बहुत पसंद हैं। इसलिए मैंने पापा के लिए एक स्पीकर मंगवा लिया है। यह फादर्स-डे पर मेरी तरफ से पापा के लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा।' अहनाफ से यह पूछने पर कि वह अपने पापा की कोई ऐसी क्वालिटी बताए, जो उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट पापा बनाती है, वह तुरंत जवाब देता है, 'कोई एक क्वालिटी नहीं, पापा की सारी क्वालिटीज उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं।' अहनाफ के लिए पापा की बताई कौन-सी बात उसके लिए बहुत बड़ा सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा मुझसे हमेशा कहते हैं- 'ट्राय ट्राय टिल यू सक्सीड और कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए। मुझे उनकी ये बात हमेशा याद रहेगी।' *



## वह मेरे आइडियल, मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं: उर्वा सावलिया



**उर्वा सावलिया** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पीरियड ड्रामा 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के बचपन का रोल निभा रहा है। उर्वा की इस बार फादर्स डे पर क्या प्लानिंग है, इस सवाल पर वह जवाब देता है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैने अपनी मम्मी के साथ मिलकर अपने पापा के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया है, लेकिन इसे अभी बताऊंगा नहीं, बता दिया तो सरप्राइज कैसा।' उर्वा अपने पापा की वो क्वालिटीज बताता है, जो उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा हमेशा से मेरे लिए हीरो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने मुझे हर मुश्किल घड़ी में रास्ता दिखाया और एक ताकत दी है। मेरे पापा ना सिर्फ मेरे आइडियल हैं, बल्कि मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मुझे उनकी सादगी सबसे ज्यादा पसंद है। उसी सादगी और संयम को मैं भी अपनाना चाहता हूं। मेरे पापा मेरे लिए एक पावर हाउस की तरह हैं।' *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / मोनिका शर्मा

# पापा को दो प्यार भरा सरप्राइज

बच्चो, हर साल की तरह इस बार भी तुमने जरूर फादर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग की होगी। इस प्लानिंग के साथ तुम कुछ अलग तरीके से फादर्स-डे सेलिब्रेट कर अपने लविंग पापा को सरप्राइज कर सकते हो। कैसे, जानो।



बच्चो, तुम्हारे हर स्पेशल दिन पर सरप्राइज देने वाले पापा को फादर्स-डे पर तुम भी सरप्राइज दे सकते हो। पापा के दिल को छू जाने वाला कुछ करके, तुमको भी बहुत खुशी मिलेगी। पापा के लिए तो यह सदा के लिए एक यादगार दिन बन जाएगा। इस बार फादर्स-डे पर पापा को हैप्पी और डिलाइटफुल, आश्चर्य में डालने वाले प्यारे काम करना ना भूलना।

**प्यारा वीडियो मैसेजः** पापा तुमको सुपरहीरो लगते हैं या लविंग-केयरिंग डैडी। साथ मस्ती करने वाले दोस्त जैसे लगते हैं या सलाह देने वाले गाइड। रोल मॉडल हैं या सहज प्यारे से पर्सन। वीडियो में खुलकर हंसते-मुस्कुराते हुए अपने पापा के लिए सब कुछ कह डालो। फादर्स-डे के खास दिन पर विश करते हुए अपने मन की बातें कहने वाला वीडियो पापा को सचमुच स्पेशल फील करवाएगा। अपनी सी बातों को समेटते हुए यूनीक सा वीडियो मैसेज बनाने का आइडिया कमाल कर जाएगा। फादर्स-डे को अलग अंदाज में सेलिब्रेट करने का अंदाज पापा को खूब खुशी देगा।



**लिखो दिल छूने वाला पत्रः** पेंसिल पकड़ने से लेकर अच्छे से पढ़ने-लिखने तक, तुम्हारी सीखने-समझने की जर्नी का हर दिन पापा के लिए भी बहुत खास होता है। इसीलिए तुम्हारी अपनी हैंडराइटिंग में लिखे लेटर का हर अक्षर पापा के लिए अनमोल होगा। साथ ही तुम्हारी लिखी बातें सदा के लिए एक सहेजने वाला गिफ्ट बन जाएंगी। इस बार डैडी के लिए प्यार, रेस्पेक्ट और प्यारी-प्यारी मेमोरीज को पत्र में लिख डालो। अपने लिखे पत्र में इमोशंस को प्रेजेंट करने के लिए इमोजी भी बनाओ। चुपचाप पापा की अलमारी या तकिए के नीचे अपना पत्र रख दो। इस तरह लिखी गई बातों को पढ़ कर पापा के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

**आर्टिस्टिक एक्सप्रेशनः** तुम्हारे रंग-बिरंगे चित्र और आड़ी-तिरछी रेखाएं पापा को खूब भाती हैं। इस बार अपने हाथ से सुंदर सा फादर्स-डे कार्ड, पेंटिंग या एक आर्टिस्टिक पीस बनाकर पापा को देना मत भूलना। अपने बनाए आर्ट पीस को सुंदर स्टिकर से सजाकर प्यारा सा मैसेज भी दे सकते हो। कार्ड पर अपने हाथ से बनाई सिंपल पेंटिंग भी बना सकते हो। कोई भी आर्टवर्क डैडी के लिए एक परफेक्ट होममेड गिफ्ट होगा, अफेक्शन से भरा अट्रैक्टिव उपहार। बच्चो, पापा ऐसी बातों को खुलकर बताते नहीं हैं पर तुम्हारा बनाया आर्ट-क्राफ्ट पापा के लिए प्यार जताने का सबसे सुंदर तरीका है। इसे जब भी पापा देखेंगे, उनके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। *

## जीके क्विज-157

1. हाल ही में चर्चा में रहे डी. गुकेश का संबंध किस खेल से है?
2. 51वां जी 7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा?
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र का अध्यक्ष किसे चुना गया है?
4. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
5. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
6. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
7. कनाडा की राजधानी कहां है?
8. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
9. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
10. मानव शरीर का कौन-सा अंग खून साफ करने का काम करता है?



बच्चो, जीके क्विज-157 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-156 का उत्तरः** 1.ओपल सुचाता चुआंगसरी, 2.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 3.शुभमन गिल, 4.वी. एस. रामादेवी, 5. 21 जून, 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.गोवा, 8.जापान, 9.वेलिंगटन, 10.क्लोरोफ्लोरोकार्बन

**जीके क्विज-156 का सही उत्तर देने वालेः** निलेश-जांजगीर, मुकेश-बिलासपुर, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, आशीष-भोपाल

## हंसगुल्ले

**पापाः** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' कहते हैं, तो कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?

**सोनू (कुछ देर सोचने के बाद):** पापा, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।

-गोपी, बिलासपुर

**एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े रिंकू से पूछाः** यह कौन-सा स्टेशन है?

**रिंकूः** अंकल, यह रेलवे स्टेशन है।

राशि, रायपुर



**चुन्नू बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था... पापा ने पूछाः** क्या देख रहे हो?

**चुन्नूः** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?

-कोकिला, रोहतक


कहानी



हरीश कुमार 'अमित'

# कितने अच्छे पापा!

विपुल को यही लग रहा था कि सोसाइटी में होने वाले शतरंज का फाइनल मैच हार जाएगा, जबकि वह कई बार फाइनल मैच जीत कर शतरंज बालश्री का पुरस्कार पा चुका था। इधर दो बार से वह फाइनल मैच में हार जा रहा था। लेकिन पापा ने उसकी जीत के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। क्या इसके बाद विपुल फाइनल मैच में विजयी हुआ?



शनिवार की सुबह थी। विपुल बहुत बेचैन था। उसकी बेचैनी का कारण जून महीने की गर्मी नहीं थी। वह इसलिए बेचैन था, क्योंकि अगले दिन इतवार को उसका शतरंज का फाइनल मैच था। उसे डर लग रहा था कि कहीं पिछली दो बार की तरह इस बार भी वह फाइनल मैच में हार न जाए।

विपुल जिस हाउसिंग सोसाइटी में रहता है, उसमें बहुत सारे फ्लैट हैं। उस सोसाइटी में हर वर्ष जून और दिसंबर की स्कूल की छुट्टियों में बच्चों के लिए खेल-कूद की अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। विपुल शतरंज की प्रतियोगिता में भाग लेता है। वह फाइनल में जीतकर शतरंज बालश्री का पुरस्कार कई बार पा चुका है। लेकिन पिछले साल जून और दिसंबर में हुई शतरंज प्रतियोगिता में जीतते-जीतते वह फाइनल तक तो पहुंच गया था, पर फाइनल मैच में हार गया था। इसलिए उसे डर सता रहा था कि वह कहीं इस बार भी हार न जाए। वह इसी सोच में गुमसुम-सा बैठा था। तभी विपुल के पापा उसके पास आए और बोले,'बेटा, आज तो मेरे ऑफिस की छुट्टी है। चलो, शतरंज खेलते हैं।'

विपुल के पापा शतरंज के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में बहुत से पुरस्कार जीते हैं। विपुल आज तक पापा से शतरंज में जीत नहीं पाया है। पापा के साथ खेलते हुए उसे लग रहा था कि वह आज भी हार जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ देर बाद वह जीत गया और पापा हार गए।

विपुल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि वह पहली बार पापा से जीता था। तभी पापा बोले, 'आओ, एक बाजी और खेलते हैं।' इस बार तो विपुल को पूरी उम्मीद थी कि वह हार जाएगा, लेकिन इस बार भी वह जीत गया। उस दिन शाम तक विपुल ने पापा के साथ शतरंज की आठ बाजियां खेलीं और सभी में वह जीत गया। यह देख पापा विपुल से बोले, 'बेटा, अगर तुम मुझे हरा सकते हो तो फिर कल के मैच में एक बच्चे को क्यों नहीं हरा सकते?'

विपुल को अब अपने आप पर विश्वास हुआ कि वह कल का मैच जीत सकता है।

अगले दिन जब शतरंज का फाइनल मैच शुरू हुआ तो विपुल के पापा भी मैच देखने गए। पापा को अपने आस-पास पाकर विपुल पूरे आत्मविश्वास से खेलने लगा और दूसरे बच्चे को हराकर जीत भी गया। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित हुए और विपुल को शतरंज बालश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। घर आते हुए खुशी के मारे उसके पांव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे।

शाम को पापा को बस से भोपाल के लिए निकलना था। लगभग बारह घंटे की बस यात्रा थी। अगले दिन सुबह से वहां उनकी एक हफ्ते की सरकारी ट्रेनिंग थी। खाना खाते हुए विपुल ने पूछा, 'पापा, आप वापस कब आएंगे?'

'इतवार सुबह की राजधानी ट्रेन से आऊंगा। इस ट्रेन में तो सात घंटे ही लगेंगे। दोपहर बाद तक घर पहुंच जाऊंगा।' पापा ने जवाब दिया। यह सुनकर विपुल बोला,'पापा, आप राजधानी से वापस आएंगे तो फिर राजधानी से ही क्यों नहीं गए? बस से तो टाइम भी ज्यादा लगेगा और बस में गर्मी और भीड़-भाड़ भी होगी। आप ठीक तरह से सो भी नहीं पाएंगे। कल सुबह भोपाल पहुंचेंगे तो बिना आराम किए आपको ट्रेनिंग के लिए जाना होगा।'

'हां, यह तो है।' पापा बहुत आहिस्ता से बोले।

'पापा, आप आज दिन में राजधानी से जाते तो आराम से एसी ट्रेन का सफर करते और रात को ठीक तरह से सो भी पाते।' विपुल की इस बात का पापा ने कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप खाना खाते रहे।

तभी मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम्हारे पापा आज सुबह इसलिए ट्रेन से नहीं गए ताकि वे मैच जीतने के लिए तुम्हारा हौसला बढ़ा सकें।'

यह सुनकर विपुल बहुत भावुक हो उठा, बोला, 'पापा, आप मेरे लिए इतना कष्ट सहकर जाएंगे भोपाल, जबकि आप बड़े आराम से ट्रेन से जा सकते थे।' मम्मी फिर बोलीं, 'और यह जो कल तुमने अपने पापा को आठ बार हराया है न, यह भी कोई अपने-आप नहीं हो गया। तुम्हारे पापा शतरंज के इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि बड़े-बड़े खिलाड़ी इनसे नहीं जीत पाते, लेकिन तुम इनसे कैसे जीत गए, वह भी एक ही दिन में लगातार आठ बार! सोचा क्या तुमने?'

मम्मी की बात सुनकर विपुल सोच में पड़ गया। मम्मी आगे बोलीं, 'बेटा, यह भी तुम्हारे पापा की ही सोची-समझी तरकीब थी। ये जानबूझकर तुम से आठ बार हारे थे ताकि तुम्हारा आत्मविश्वास लौट आए और तुम आज का फाइनल मैच जीत सको।'

मम्मी की बात सुनकर विपुल उठा और पापा के गले लगकर बोला, 'पापा, आप कितने अच्छे हैं..!'

पापा भी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरने लगे। *



कविता / देवी प्रसाद गौड़

## मेरे फौजी पापा

सदा फूल से खिलते पापा,
हंसते-हंसते घर में आते।
कहां छुपी है परी हमारी,
सबसे पहले मुझे बुलाते।।
जब भी पापा घर में आते,
तरह-तरह की टॉफी लाते।
मधुर मंद मुस्काते जाते,
एक-एक कर मुझे दिखाते।।
टॉफी देख पंख लग जाते,
मैं घर में उड़ने लग जाती।
पापा के कंधे पर बैठी,
भैया से लड़ने लग जाती।।
सर चढ़ी लाड़ली पापा की,
मां, मुझको आंख दिखाती है।
कभी प्यार से कभी झगड़ कर,
भैया का हिस्सा खाती है।।
पापा कहते सब बच्चों में,
बिटिया लगती मुझको प्यारी।
बहुत गर्व है मुझको इस पर,
इसकी बातें सबसे न्यारी।।
रोज सबेरे मुझसे कहती,
पापा मेरी गुल्लक खुलवाओ।
उसमें पैसे और मिलाकर
अच्छी सी बंदूक मंगाओ।।
सुबह-शाम टीवी पर सुनती,
सिंदूरी मान बढ़ाऊंगी।
फौजी पापा की बेटी हूं,
सीमा पर लड़ने जाऊंगी।।
बहुत खुशी है मुझको बिटिया,
सपना साकार कराऊंगा।
अभी बड़ी हो जाओ लाड़ो,
तुमको कप्तान बनाऊंगा।।

## रंग भरो-177

**रंग भरो-177** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





श्याम, धमतरी



वसनि, रायपुर



सानवी, अंबिकापुर



रितेश, मटियारी



मिष्ठी, महासमुंद



डिंपल, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, अथर्व-बिलासपुर, डॉली-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, रुपाली-दिल्ली, ट्विंकल-महेंद्रगढ़, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 178

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में भाई-बहन फादर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस प्यारे से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



तुम्हारे लिए किताब / सुधा श्रीवास्तव

## जीवन पथ-प्रदर्शित करती कहानियां



फादर्स-डे के आस-पास पापा से जुड़ी कोई कहानी मिल जाए तो तुम झटपट पढ़ डालोगे। असल में हर बच्चा अपने पापा से भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ा होता है। पापा की सीखें, जीवन में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं, बाधाओं को दूर करती हैं, खुशियों से भरती हैं। इंदिरा त्रिवेदी का कहानी संग्रह 'पापा ने सही कहा था' की शीर्षक कहानी पढ़ते समय यही महसूस होता है। कहानी में मिनी परीक्षा नहीं देना चाहती है, क्योंकि उसने सही ढंग से तैयारी नहीं की है। लेकिन उसके पापा प्यार से समझाते हैं, 'तो क्या हुआ बेटा, क्लास में तुमने जो कुछ भी सुना-समझा हो, जो भी जानकारी हो, परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिख देना।' पापा को विश्वास है, मिनी होशियार है, प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखेगी और अच्छे अंक लाएगी। होता भी यही है। मिनी को समझ में आ जाता है कि बड़े लोग अपने जीवन अनुभव के आधार पर जो कहते हैं, सही कहते हैं। यह भी सही है कि कोशिश करने वाले असफल नहीं होते। इस संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं। इन कहानियों में पैरेंट्स, बच्चों को जीवन की जरूरी सीख ही नहीं देते, उन्हें संस्कारवान भी बनाते हैं। संग्रह की कहानियां पढ़ते समय बच्चो, तुम्हें लगेगा, ये तुम्हारे आस-पास की अपनी कहानियां हैं। *

***किताब** : पापा ने सही कहा था, **लेखिका** : इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्यः** 200 रुपए, **प्रकाशक** : भव्या पब्लिकेशन, भोपाल*

## खबर संक्षेप



### जनसंवाद को सशक्त बना रहा शिविर : विरेंद्र

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह ने की। नगराधीश जितेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता आधार एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए।

### माकपा ने की छात्रों पर लाठीचार्ज की घोर निंदा

**भिवानी।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की स्टूडेंट्स यूनियन के शोधार्थी छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर 10 जून को कुलपति के आदेश से सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा किए गए भीषण लाठीचार्ज की घटना की मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी ने घोर निंदा की तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति को तुरंत पद से हटाने एवं गिरफ्तार करने की मांग उठाई। माकपा के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि विश्वविद्यालय के शोधार्थी छात्र स्टाइपेंड संबंधी जायज मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शोधार्थियों के ऊपर सुरक्षा कर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करवाया गया, जो न केवल घोर निंदनीय है, बल्कि कानूनी तौर पर गंभीर अपराध का मामला है, जिसमें कुलपति व सुरक्षा अधिकारी की सक्रिय संलिप्तता का अभियोग बनता है।

### सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी का शुभारंभ

**चरखी दादरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने किया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के मार्गदर्शन में आयोजित प्रदर्शनी में केंद्र सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए कल्याणकारी योजनाएं व कार्यक्रम क्रियान्वित किए जा रहे है, दिखाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करते हुए घर-घर शौचालय बनवाए है।

### मिताथल से अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा मिताथल मौजूद थे जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गांव मिताथल में एक व्यक्ति मादक पदार्थ बेचने का काम करता है जिसके घर में मादक पदार्थ अफीम है पुलिस टीम के द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए बताए गए स्थान पर रेड करके एक मकान से मादक पदार्थ अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अशोक पुत्र भरथुराम निवासी मिताथल जिला भिवानी के रूप में हुई है।

---

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी

# दस हजार से ज्यादा आबादी वाले गांव को अधिक सोलर पैनल उपकरण लगवाने पर मिलेगी एक करोड़ की राशि : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

नवीन एव नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है। योजना का एक घटक मॉडल सौर गाँव है, जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर गांव बनाना है।

योजना के तहत वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर पांच हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में सबसे अधिक सोलर पैनल उपकरण लगवाने पर एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

## सालाना आय 1.80 लाख रुपये से कम वालों को सरकार की ओर से मिलेगा अनुदान

### 47 गांवों को किया चिन्हित

उपायुक्त महावीर कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय कमेटी द्वारा 47 गांव, जिनकी जनसंख्या 5 हजार से ज्यादा है, का चयन किया गया है। चयनित किए गए गांवों के नाम बड़सी, बापोड़ा ,कलिंगा, चांग, खरक कला, देवसर बलियाली, बड़वा, दिनोद, धनाना, बामला, तिगड़ाना, भिवानी जोन, बहल, कैरु, कुंगड़, लोहारी जाटू जमालपुर, मुढाल खुर्द, खानक, तालु, मानहेरु, मिताथल, पालुवास, मिरान, बडेसरा, पुर, जुई खुर्द, संडवा, सोहासड़ा, लोहानी, रिवासा, सागवन, मण्ढाणा, कुडल, सैय, ढाणी माहू, किरावड़, देवराला, रतेरा, धारेडू, सिवाना, बजीणा, कोहाड, खरक खुर्द, बीरण, सुई है।

### गांव को मॉडल सोलर ग्राम बनाया जाएगा

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पांच हजार से ज्यादा आबादी वाले गांवों में से सबसे अधिक सोलर पैनल लगवाने वाले गांव को केंद्र सरकार की ओर से एक करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले के 47 गांवों को योजना में शामिल किया गया है। इन गांवों में सोलर उपकरणों को अपनाने की छह माह की प्रतिस्पर्धा 26 मई से शुरू हो चुकी है जोकि 25 नवंबर,2025 तक चलेगी। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले गांव को मॉडल सोलर ग्राम बनाया जाएगा। चुने हुए गांवों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में जनहित में कार्य किए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि ऊर्जा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अपनाकर ग्राम पंचायत सोलर मॉडल ग्राम बन सकती है।

### रियायत पर लगाए जाएंगे सोलर पैनल उपकरण



उपायुक्त महाबीर कौशिक।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख रुपए से कम है और बिजली खपत 2400 यूनिट तक है, उन्हें दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर केंद्र सरकार से 60 हजार और हरियाणा सरकार से 50 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। ऐसे परिवारों को कुल 1.10 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। जिन परिवारों की सालाना आय 3 लाख रुपए तक और खपत 2400 यूनिट तक है. उन्हें केंद्र से 60 हजार और राज्य से 20 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। कुल 80 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। तीन किलोवाट तक के सोलर पैनल पर केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा।

### सामाजिक संस्थाओं को भी मिलेगी छूट

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ मुनीष नागपाल ने बताया कि ग्रिड कन्नेक्टेड सोलर पावर प्लांट नवीन एंव नवीकरणीय उर्जा विभाग द्वारा अनुसूचित एवं पिछड़े वर्ग की धर्मशालाओ जोकि पंजीकृत है उनमें सोलर पावर प्लांट लगाए जा सकते है। सामाजिक क्षेत्र के संस्थान जोकि सोसाइटी एक्ट के तहत पंजीकृत है, उनमें 50 फीसदी अनुदान पर सोलर पावर प्लांट लगाए जा सकते हैं। इनका अधिक से अधिक लाभ लेने वाली पंचायत मॉडल सोलर ग्राम के लिए चयनित की जाएगी। इन योजनाओ को अपनाने पर पर्यावरण प्रदूषण भी घटेगा।

### पहले आओ, पहले पाओ

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर सोलर स्ट्रीट लाइट व सोलर हाइ मास्क अनुदान पर दी जा रही है। एक 12 वाट की सोलर स्ट्रीट लाइट की कीमत 16,500 रुपए है जिस पर सरकार द्वारा 4.000 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत को 12,500 रुपए प्रति लाइट के हिसाब से लाभार्थी हिस्सा जमा करवाना होगा। एक 88 वाट सोलर हाइ मास्क लाइट की कीमत 1,03,265 रुपए है जिस पर सरकार द्वारा 20 हजार रु. का अनुदान दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत को 83,265 रुपए प्रति हाइ मास्क लाइट के हिसाब से लाभार्थी हिस्सा जमा करवाना होगा।

---

मानसून से पहले स्कूल भवनों की छत की मरम्मत के निर्देश

# सरकारी स्कूलों की छतों पर पानी अटका तो नपेंगे मुखिया

शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों के प्रति गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों के प्रति गंभीर हो गया है। जिन स्कूलों को सरकार ने कंडम घोषित नहीं किया और उसमें अभी भी क्लासें लग रही है। उन स्कूलों के भवनों का निरीक्षण करने तथा उनकी छतों की मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए है।

विभाग ने यह कार्य बारिश के सीजन शुरू होने से पहले मुक्कमल करवाना है। साथ ही बारिश के पानी की निकासी, छतों से बारिश के पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन लगाने व रैम्पों की सफाई करवाए जाने के निर्देश दिए है। अगर किसी मुखिया ने इस मामले में कोई ढिलाई व कोताही बरती तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इस बारे में विभाग ने सभी अधिकारी व स्कूल मुखियाओं को दिशा निर्देश जारी कर दिए है। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि स्कूल मुखियां अपने अपने स्कूल के भवन का निरीक्षण करें और यह जांचे की कि स्कूल भवन के किसी भी कमरे की छत से बारिश के दिनों में पानी तो नहीं आता है। अगर पानी आए तो उस कमरे या भवन को चिंहित करें और उस बारे में तत्काल विभाग को सूचना दे। ताकि जल्दी ही भवन की छत की मरम्मत के लिए बजट जारी किया जा सके। यह कार्य बारिश का सीजन शुरू होने से पहले करवाया जाए। इनके अलावा स्कूल के भवन के अन्य कमरों की छतों की भी जांच करवाई जाए। अगर उनकी छत से बारिश का पानी टपकता हो तो उनकी भी मरम्मत करवाई जाए। इनके अलावा छतों से बारिश के पानी की निकासी के लिए पाइप लगाने,बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था आदि की भी जांच करें। उनकी सफाई भी करवाई जाए ताकि बारिश के सीजन में पानी की निकासी सही ढंग से हो सके। स्कूल मुखियां इन कार्यो का निरीक्षण करके तत्काल विभाग को रिपोर्ट करे।



भिवानी। स्कूल के भवन का दृश्य।

### कोई ढिलाई व कोताही बरती तो होगी कार्रवाई

भेजे आदेशों में कहा गया है कि अगर इस मामले में कोई ढिलाई व कोताही बरती तो उन स्कूल मुखियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यहां यह बताते चले कि जिले के अनेक स्कूलों के भवनों में कमरों की छत जर्जर है। उनमें से अनेक जगहों पर बारिश का पानी टपकता है। जिससे बारिश के दिनों में बच्चों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ती है। बच्चों के समक्ष आने वाली समस्या से निपटने के लिए विभाग ने यह कदम उठाया है।

---

## शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाएं अधिकारी : गुलजार

**भिवानी।** डीएमसी गुलजार मलिक ने नगर परिषद स्थित अपने कार्यालय में नगर परिषद भिवानी के साथ-साथ बवानी खेड़ा, लोहारू और सिवानी नगर पालिकाओं के अधिकारियों की मीटिंग ली। इस दौरान उन्होंने शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ-साथ लोगों को स्थानीय निकाय के माध्यम से प्रदान की जाने वाली जरूरी सेवाओं के बारे आवश्यक निर्देश दिए। श्री मलिक ने निर्देश देते हुए कहा कि भिवानी शहर और कस्बों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। मानसून से पहले सभी नालों की सफाई करवाई जाए ताकि बरसाती पानी की निकासी सुचारू ढंग से हो सके। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालय की सफाई भी नियमित रूप से हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर और कस्बों के सभी शमशान घाटों का निरीक्षण करके वहां पर पेयजल आदि मूलभूत सुविधाएं प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में जितने भी अवैध साईट पर विज्ञापन लगे हुए हैं, जो कि शहर की सुंदरता को खराब कर रहे हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। शहर और कस्बों में स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शहर में जितने भी अवैध कब्जे हैं, उनको चिन्हित कर नोटिस जारी किए जाएं।

## कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत संगठनात्मक गतिविधियां तेज

**भिवानी।** हरियाणा में कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन को लेकर गतिविधियां अब रफ्तार पकड़ चुकी हैं। जिसके तहत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी के दिशा-निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत विधानसभा वाईज कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है।

इसी कड़ी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं भिवानी जिला के पर्यवेक्षक मनोज चौहान ने वीरवार को स्थानीय भगवती धर्मशाला में भिवानी ब्लॉक की एक अहम बैठक को संबोधित किया। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं भिवानी जिला के पर्यवेक्षक मनोज चौहान ने कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा आधारित पार्टी है और संगठन की जड़ों को मजबूत करने के लिए ब्लॉक स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सभी इकाइयों को नए जोश और रणनीति के साथ पुनर्गठित किया जा रहा है।

## एमएनएस कॉलेज में किया पौधरोपण

- कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को योग के सिखाए गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय कॉलेज में गुरूवार को पौधरोपण एवं योग कार्यक्रम आयोजित किया।

कॉलेज में हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के निर्देशन में कॉलेज प्राचार्य जगबीर सिंह की अध्यक्षता में एनसीसी अधिकारी मेजर अशोक कादियान के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स, कॉलेज स्टाफ व सांध्यकालीन कॉलेज के प्राचार्य एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. राजकुमार मुंढाल के सहयोग से पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न योग क्रियाओं का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य जगबीर सिंह, इवनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार मुंढाल, मेजर अशोक कादयान, प्रोफेसर मितेश शर्मा, प्रोफेसर कविता शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर भीमसिंह, अनिल सांगा, शालिनी सिंघल, सहायक प्रोफेसर सुरेन्द्र नरवाल, प्रदीप कुमार, मनोज हलवासिया, नीलम, सुषमा, सार्जेंट खुशी, मोहित अग्रवाल, प्रियांशु पुनिया, अभिषेक, अंडर ऑफिसर मोहित धांगर आदि उपस्थित रहे।




भिवानी। राजकीय कॉलेज में कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी।

---

## निर्वाचित प्रतिनिधियों को किया प्रशिक्षित

- पंचायती राज एक्ट तथा ग्रामीण विकास की योजनाएं साझा की

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी जिले के बहल ब्लॉक में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ब्लॉक की सभी पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें मास्टर ट्रेनर एवं जिला संयोजक चंचल शर्मा ने ब्लॉक की सभी 29 पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने पंचायतीराज एक्ट तथा ग्रामीण विकास की योजनाओं को सांझा किया।

यह प्रोग्राम पंचायतों में पारदर्शिता लाने एवं पंचायत सदस्यों के क्षमता वर्धन के लिए चलाई गई। बहल ब्लॉक में प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 मई से लेकर 10 जून तक चला, जिसमें दो-दो दिन का प्रशिक्षण सभी पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बहल के खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमित कुमार, मंथन एजुकेशन सोसायटी से पूनम शर्मा, नीति आयोग के आकांक्षी खंड फैलो नीरज बागड़ी, स्वच्छ भारत मिशन के खंड संयोजक करण सिंह उपस्थित रहे। मंथन एजुकेशन सोसायटी ने ग्रामीण स्तर पर आजीविका के संबंध में विषयों पर चर्चा की तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता के महत्व को बताया। साथ ही आर्थिक विकास में योगदान के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। ये दौर केवल मात्र निर्वाह आधारित कार्य करने का नहीं, बल्कि अपने कार्य को वाणिज्य एवं उद्यमिता से जोड़ें। यही मार्ग धारणीय विकास के लिए उचित है।



भिवानी। बहल ब्लॉक की पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देती मास्टर ट्रेनर एवं जिला संयोजक चंचल शर्मा।

## बिजली-पानी आपूर्ति पर लापरवाही न बरतें

- विधायक उमेद पातुवास ने आमजन की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

भीषण गर्मी के सीजन में पर्याप्त मात्रा में बिजली व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेवारी है। अधिकारी इस क्षेत्र में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतें तथा बिजली पानी निर्धारित मात्रा में उपलब्ध करवाएं।

यह बात विधायक उमेद पातुवास ने क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान के बाद अपने आवास पर आमजन की समस्याएं सुनते हुए कही। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी ने भी अधिकारियों को सख्त दिशानिर्देश दिया है कि कारखानों की बजाए ग्रामीण क्षेत्र में बिजली पानी आपूर्ति पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित रखा जाए। प्रदेश सरकार ग्रामीण विकासके लिए बड़ा बजट खर्च कर रही है। प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के लिए अनेक योजनाओं की सौगात देने जा रही है जिससे आमजन को पूरा लाभ मिलेगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार के बजट से किसानों के जीवन में समृद्धि लाने का परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की सरकार के शह पर हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर देश चुप नहीं बेठेगा और ममता सरकार को इसका जवाब देना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जनहित के लिए उठाए गए कदमों व योजनाओं की दिल्ली विधानसभा में भी गुंज सुनने को मिली है और वहां की जनता ने भी आम आदमी पार्टी को हटाकर भाजपा को बहुमत से साथ में लाने का संकल्प पूरा किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा चुनाव में भाजपा के दस साल के कामकाज पर जनता ने आशीर्वाद की मोहर लगाई है।



बाढड़ा। भाजपा विधायक उमेद पातुवास आमजन की समस्याएं सुनते हुए। फोटो :

### ये रहे मौजूद

इस क्षेत्र के युवाओं को खेल सुविधा, सड़कों व बड़े सड़कमार्गो का नवीनीकरण करने के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में विकास के लिए पूरी सजगता से कदम उठाए जाऐंगे। उनके साथ जिला अध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी, डा. अजय शर्मा भांडवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शमशेर पंचगावां, सरपंच प्रतिनिधि राजेश श्योराण, राकेश बाढड़ा, सुनील पिलानिया, हवासिंह आदि मौजूद रहे।

---

## शिवम इलेवन ने 61 रन से जीता मैच

- अंडर 15 में परी इलेवन ने अंकित इलेवन को नौ विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अंडर 12 आयुवर्ग में शिविम इलेवन ने कार्तिक इलेवन को 61 रन से हराया।

शिवम इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 130 रन बनाए। कप्तान शिवम ने 18, केशव ने 16 रन, हृदय ने 13 रन व दीपांशु ने 18 रन बनाए। कार्तिक इलेवन की तरफ से आस्व ने 4 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट ली। वहीं लक्ष्य ने चार ओवरों में 12 रन देकर दो विकेट और सोमय व दक्ष ने एक-एक विकेट ली। कार्तिक इलेवन की पूरी टीम मात्र 69 रन पर आऊट हो गई। कार्तिक इलेवन की तरफ से सोयम ने 18 रन, कप्ता कार्तिक महता ने 15 रन व आरव ने 10 रन बनाए। अंडर 15 आयु वर्ग में परी इलेवन ने अंकित इलेवन को 9 विकेट से हराया। अंकित इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 100 रन बनाए।



भिवानी। क्रिकेट खेलते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

---

मिट्टी-पानी की जांच व प्राकृतिक खेती के बारे में किया जागरूक

## किसानों को आधुनिक खेती अपनाने पर दिया बल

- खेती के साथ-साथ आयवर्धक गतिविधियों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गांव सुरपुरा कलां, सुरपुरा खुर्द व मंढोली में जागरूकता शिविर लगाए।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनोद फोगाट के मार्गदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, केवीके भिवानी, भारतीय कृषि अनुसंधान नई दिल्ली, बागवानी, मत्स्य व पशुपालन विभाग आदि को संबंधित विभागों ने भाग लिया।



बहल। किसानों को जागरूक करते कृषि विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी योजनाओं की जानकारी देना मुख्य उद्देश्य

कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. मीनू, डॉ. गौतम चावला, डॉ. सुधीर अहलावत, डॉ. दलबीर व मदन कालवा ने किसानों से सीधे संवाद किया और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल संरक्षण, जैविक खेती, प्राकृतिक व ऑर्गेनिक खेती,फसल विविधिकरण, सरकारी योजनाओं व अनुदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है, ताकि वे अपनी आय बढ़ा सकें और खेती को लाभकारी बना सकें। उन्होंने कहा कि खेती के साथ-साथ पशुपालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन, वर्मी कंपोस्ट और अन्य आयवर्धक गतिविधियों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान किसानों को मिट्टी एवं पानी की जांच, प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया। कृषि विभाग द्वारा दी जाने वाली कृषि योजनाओं के बारे में भी बताया। बागवानी विभाग, मत्स्य विभाग और अन्य विभाग के अधिकारियों ने भी अपने विषयों से संबंधित जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया। इस दौरान किसानों की समस्याएं भी सुनी गईं और संबंधित विभागों को समाधान के लिए निर्देश दिए गए। किसानों ने प्रयास की सराहना करते हुए ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

## खबर संक्षेप



### प्रकृति हम सभी के लिए माता के समानः उमेद

**चरखी दादरी।** प्रकृति हम सभी के लिए माता के समान है जो कि हमें इस धरा पर जीवन को जीने के लिए हर एक साधन व आशीर्वाद देती है। उसका सम्मान करना एवं सुरक्षा के लिए कदम उठाने के लिए प्रत्येक को अपने अपने स्तर पर प्रयास अवश्य करना चाहिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान वास्तव में सराहनीय पहल है जो कि हमें सिखाती है जननी का सम्मान सर्वप्रथम है। यह बात बाढड़ा विधायक उमेद सिंह पातुवास ने कही। गुरूवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खंड समन्यवक सुंदरपाल फौगाट ने उनसे मुलाकात की। इस भेंट के दौरान उन्होंने विधायक को पौधा भेंट किया। खंड समन्यवक सुंदरपाल फौगाट ने बताया कि अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।



### सीबीएलयू की एमबीए में उत्कृष्ट शिक्षा की नई पहल

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ने प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूते हुए अपने एमबीए कार्यक्रम को उद्योग के साथ गहराई से जोड़ने की दिशा में कुलपति दीप्ति धर्माणी के कुशल नेतृत्व एवं कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा की देखरेख में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम विद्यार्थियों को इंडस्ट्री के लिए तैयार करने पर केंद्रित है, जिससे वे वैश्विक मानकों के अनुरूप कॉर्पोरेट जगत की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।

### समाधान शिविर में डीसी ने सुनी शिकायतें

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना। जिसमें जिलेभर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं डीसी के समक्ष रखी। डीसी ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### अवैध खनन रोकने को लगातार हो रही सघन जांच

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं। सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है।

### संकल्प अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

**तोशाम।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का आयोजन केंद्रीय कृषि मंत्री, भारत सरकार श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में खरीफ फसलो की नवीनतम तकनीकों, प्राकृतिक खेती की विधियों, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित फसलों के चयन, संतुलित उर्वरकों के उपयोग, आई सी टी और आधुनिक यंत्रों से स्मार्ट कृषि आदि मुख्य उद्देश्यों पर ब्लॉक तोशाम के गांव झांवरी, सरल और लक्ष्मणपुरा में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, भिवानी द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली, कृषि एवं किसान कल्याण, बागवानी, पशु पालन एवं डेयरिंग, मत्स्य पालन विभागों और पशु विज्ञान केंद्र भिवानी के साथ मिलकर किया गया।

## देश ने अपनी खोई हुई साख को फिर से हासिल किया

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की सीमाएं हुई सुरक्षितः रणबीर गंगवा

सरकार ने 11 वर्ष में हर वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं लागू करने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते लोक निर्माण तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

लोक निर्माण तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने 11 वर्ष के शासनकाल में हर वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं लागू करने का काम किया है। भारत की आज विश्व में अलग ही पहचान बनी है, देश ने अपने खोई हुई साख को फिर से हासिल किया है। केंद्र सरकार की तरह प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनहितकारी नीतियां लागू कर लोगों का विश्वास जीतने का काम किया है।

बिना खर्ची और बिना पर्ची तथा योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान करने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। भाजपा सरकार अपने संकल्प से सिद्धि के सिद्धांत को साकार कर रही है। लोक निर्माण मंत्री श्री गंगवा बया पर्यटन केंद्र में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले गंगवा ने सरकार के 11 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर आधारित सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित सरल केंद्र में लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान डीसी महावीर कौशिक भी मौजूद रहे।

### मोदी की अगुवाई में देश की सीमाए हुई सुरक्षित

लोक निर्माण मंत्री श्री गंगवा ने कहा कि 11 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और सरकार ने नई टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारतीय सेना को पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए खुली छूट दी, जिसका परिणाम दुनिया ने अपनी आंखों से देखा।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो मिसाइल और डिफेंस सिस्टम अपनाया गया, वह हमारे स्वदेशी तकनीक थी। आज भारत रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर है और रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहा है। भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23622 करोड़ तक पहुंच गया है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के रणनीतिक दूरदर्शिता और कूटनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश की दुनिया में साख बढ़ी है, परिणाम स्वरुप रूस और यूक्रेन के युद्ध के दौरान ऑपरेशन गंगा, अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के समय ऑपरेशन देवी शक्ति और और कोविड में वंदे भारत मिशन के माध्यम से करोड़ों भारतीयों को विदेशों से सुरक्षित लाने का काम किया।

रूस और यूक्रेन के युद्ध के दौरान तिरंगे झंडे को देख एक तरह से युद्ध विराम हुआ और भारतीय सुरक्षित अपने देश में आए। यहां पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने लोक निर्माण मंत्री का स्वागत किया।

**सरकार जनहितैशी**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब और जरूरतमंद लोगों के साथ में खड़ी है। प्रदेश सरकार ने वंचित वर्ग को उनका हक दिलाने का काम किया है ताकि वे समाज की मुख्य धारा के साथ में जुड़ सकें। हरियाणा प्रदेश पहला प्रदेश है, जहां 3000 रुपए वृद्धावस्था सम्मान भत्ता सहित अन्य पेंशन के रूप में दिए जा रहे हैं।

# पेयजल आपूर्ति के प्रबंध करे विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** अधिकारियों को पानी निकासी की व्यवस्था की समीक्षा करते विधायक।

जलापूर्ति व सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा बजट जारी किया जा चुका है और धन की भी कमी नहीं है, ऐसे में संबंधित विभागों के अधिकारी सीवरेज व पेयजल आपूर्ति की परियोजनाओं को प्रपोजल अनुसार धरातल पर शीघ्र लागू करें।

कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी और बारिश से पहले पूरे प्रबंध होने से लोगों की परेशानियां भी दूर करें, ये बात विधायक सुनील सांगवान व हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जसविंद्र मीनू बेनीवाल ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग, बिजली, नगर परिषद सहित कई विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में मंथन किया और जिले में जनस्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के अलावा उसके सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की। विधायक सांगवान ने कहा कि रॉ वाटर पंपिंग स्टेशन का निर्माण करके जल आपूर्ति योजना का विस्तार, वाटर वर्क्स में मौजूदा संरचनाओं का नवीनीकरण, उन्नयन, राइजिंग मेन और वितरण लाइनें बिछाना सहित कई परियोजनाओं के लिए बजट आ चुका है।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर किया जागरूक

**भिवानी।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में धर्मेश टेक्सटाइल लिमिटेड फैक्ट्री में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन डी.आर. चालिया के मार्गदर्शन में तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) सह सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, फैक्ट्री कर्मचारियों ने भाग लिया। सीजेएम पवन कुमार ने बाल श्रम की समस्या को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की और इसके दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**मार्केट न्यूज**

### तनिष्क का आज तक का सबसे बड़ा गोल्ड एक्सचेंज ऑफर



**भिवानी ।** सोने की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर, भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा परिवार के एक सदस्य, तनिष्क भिवानी ने बहुत ही बेहतरीन, आश्चर्यजनक गोल्ड एक्सचेंज ऑफर की घोषणा की है, जिसमें ग्राहकों को एक्सचेंज किए गए पुराने सोने पर 2 कैरेट तक अतिरिक्त मूल्य पाने का अवसर मिलेगा।तनिष्क भिवानी स्टोर मैनेजर ने बताया कि ऑफर उपलब्ध में गहने एक्सचेंज करें और पुराने सोने के मूल्य पर 2 कैरेट तक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा । 30 जून 2025 तक चलने वाले इस सीमित अवधि के ऑफर में सोने के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर पाइए 1 कैरेट अतिरिक्त हीरों के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर पाइए 2 कैरेट अतिरिक्त। उदाहरण के तौर पर, अगर आप नया प्लेन सोने का आभूषण खरीद रहे है तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना = 21 कैरेट और नया स्टडेड डायमंड आभूषण खरीद रहे है तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना 22 कैरेट बन जाएगा। आपको एक्सचेंज किए गए हर कैरेट के बदले मिलेगा अधिक मूल्य। यह ऑफर केवल नॉन-तनिष्क ज्वैलर्स से खरीदे गए पुराने सोने पर लागू है। ग्राहकों को आधुनिक, बहुत ही बेहतरीन और शानदार तनिष्क आभूषणों में अपग्रेड करते हुए अधिकतम मूल्य पाने में मदद करना इसका उद्देश्य है।

# गर्मी के मौसम में योग सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा




**बवानीखेड़ा।** आयोजित शिविर में योग करती महिलाए। फोटो : हरिभूमि

गर्मी के मौसम में बहुत चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है इतने गरम मौसम में योग हमारे जीवन में शरीर को मौसम के अनुकूल रखने के लिए बहुत उपयोगी है, उक्त योग का व्याख्यान देते हुए आयुष विभाग के आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया कि नियमित योग आसन करना हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। इसी कड़ी में आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने हरियाणा योग आयोग,जिला प्रशासन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा के निर्देशानुसार हर गली हर गांव में विश्व योग दिवस को और अधिक जागरूकता व उत्साह के साथ मनाने के लिए बवानी खेड़ा खंड के गांव (दुर्जनपुर) सज्जनपुर के वृद्धाश्रम के प्रांगण में गांव की महिला समिति की उपस्थित सभी महिलाओं को विश्व योग प्रोटोकाल का अभ्यास करवाया और नियमित योग आसन प्राणायाम से होने वाले लाभ के बारे में अवगत करवाया, योग सहायक ने बताया कि प्रतिदिन योग करने के साथ साथ हमें गर्मी के मौसम में शीतली एवं अनुलोम प्राणायाम करना चाहिए जो हमें हीट स्ट्रोक व लू से बचाव करने में हमारी खूब सहायता करता है ।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर महिला समिति की सभी महिला सदस्यों में पूनम, अनीता वर्मा,संगीता, धन्नो, सुदेश, सोमवती , सोनिया, आशा देवी, बबीता शीला, सुनीता, सुशील , के साथ आयुष योग सहायक अशोक कुमार उपस्थित रहे।

# भिवानी डीपीसी ने किया औचक निरीक्षण

■ डीपीसी विनय कुमार जिंदल ने प्रशिक्षण में व्यवस्था प्रबंधन सहित समूचे स्टाफ की जमकर की सराहना

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एफएलएन के प्राथमिक शिक्षकों के 5 दिवसीय प्रशिक्षण के चौथे दिन भिवानी डीपीसी विनय कुमार जिंदल ने एपीसी विवेक अदलखा संग पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रशिक्षण के व्यवस्था प्रबंधन सहित केआरपी सहित समूचे स्टाफ की जमकर सराहना की।

### प्रथम बैच के दोनों कमरों में काबिलेतारीफ पाया माहौल

खंड स्तरीय चल रहे जेबीटी शिक्षकों के प्रशिक्षण में प्रथम बैच में लगभग 40-40 शिक्षकों के कमरों में व्यवस्था की गई है। जिसमें खंड सहित दूसरे खंडों के भी शिक्षक प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। निरीक्षण में डीपीसी विनय कुमार जिंदल ने प्रशिक्षण के निरीक्षण में बढ़यि माहौल पाया और उन्होंने शिक्षकों से सवाल जवाब भी किए। शिक्षकों ने अधिकारी के प्रश्नों का तपाक से जवाब दिया जिस पर अधिकारी ने शिक्षकों के कार्य की भी जमकर सराहना की।

**अधिकारी ने केआरपी के कार्य को जमकर सराहा**

बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 9 जून से शुरू होकर 13 जून तक चलने वाले 5 दिवसीय प्रशिक्षण में केआरपी के रूप में एबीआरसी सुभाष चन्द्र, कृष्ण कुमार, सत्यवान, बबीता, विजय, अंजू, राज कुमारी ने अपनी अहम भूमिका अदा की जा रही है सभी केआरपी कुरूक्षेत्र पहुंचकर 8 दिवसीय प्रशिक्षण लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षण देने में लगे हुए हैं। डीपीसी विनय कुमार जिंदल, एपीसी विवेक अदलखा, कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने सभी केआरपी के कार्य की जमकर सराहना की और बताया कि इनके प्रशिक्षण से शिक्षकों द्वारा विद्यालय खुलने पर बच्चों संग इसकी जानकारी साझा करें वहीं शिक्षकों को कहा की हमें कार्य न्याय के साथ करें।

# डीएपी खरीद पर लागू की गई नई शर्तें

■ ओलावृष्टि का मुआवजा न देने के विरोध में सोमवार को किसान महापंचायत करेगी : भाकियू

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा



**बाढड़ा।** आयोजित बैठक के लिए जाते किसान। फोटो : हरिभूमि

भाकियू ने कस्बे के किसान भवन में आपात बैठक आयोजित कर सरकार द्वारा इस क्षेत्र के किसानों के साथ की जा रही उपेक्षा के विरोध में सोमवार को उपमंडल स्तर पर किसान महापंचायत आयोजित कर एसडीएम के माध्यम से सीएम नायब सिंह सैनी को ज्ञापन देने का फैसला लिया।

किसानों ने दावा किया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसान से डीएपी खरीद में प्रति बैग पूरी राशी जमा करवाने के बाद बैग उपल4ध करवा कर पच्चास फिसदी स4सिडी राशी खाते में भेजने की नई शर्त थोपने व चरखी दादरी व बाढड़ा उपमंडल क्षेत्र में रबी सीजन के प्रथम व अंतिम चरण में हुई बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि से बर्बाद गेहूं, सरसों की फसलों का मुआवजा व किसानों को लंबित कनेक्षन न देने पर भाकियू ने कड़ा रोष प्रकट किया है। कस्बे के जुई रोड़ स्थित सर छोटूराम किसान भवन में भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरकार द्वारा बार बार किसानों पर नई -नई शर्ते लागू कर उनको आर्थिक परेशानी देने पर चिंता प्रकट की गई।

**सरकार मौन**

सीएम व सरकार के अन्य जनप्रतिनिधि बार -बार दावा करते थे कि रबी सीजन की फसल कटाई से पहले किसानों के खातों में नुकसान की राशी भेजी जाएगी लेकिन अब सरकार सारे मामले पर चुप्पी साधे हुए है जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि नुकसान का इतना लंबा अर्सा बीतने के बावजूद सुध न लेने से किसानों के सामने भुखमरी के हालात बन गए हैं और सीएम को दादरी दौरे में इन किसानों की मांग को पूरा करना चाहिए था लेकिन एक शब्द भी नहीं किसानों के लिए नहीं बोला गया। देश में आज महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है वहीं कृषि क्षेत्र पर प्राकृतिक आपदा की मार के कारण आज किसान आर्थिक बदहाली का शिकार है।

# योग से मिली भारत को अंतरराष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा



**बाढड़ा।** पौधा भेट करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र चांदवास।

विश्व भर में ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा । विश्व के अनेकों देशों के लोग स्वस्थ जीवन यापन के लिए योग को अपना रहे हैं ।हमारे देश के साथ-साथ विदेशों में भी योग का महत्व बढ़ा रहा है और लोग अपनी दैनिक दिनचर्या में नित्य रुप से योगाभ्यास को शामिल कर रहे हैं। यह बात आयुर्वेदिक औषधालय पहुंचे गांव रुदडौल, कादमा, रामबास आदि के लोगों को योग के महत्व पर समझाते हुए आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र चांदवास ने कहीं। डॉ भूपेंद्र ने बताया कि चरखी दादरी जिले में उपायुक्त मुनीश शर्मा,जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ राकेश वशिष्ठ तथा योग कोर्डिनेटर डॉ प्रमिल फौगाट के निर्देशानुसार आयुष विभाग विश्व योग दिवस की तैयारियों में जोरो -शोरो से लगा हुआ है। डॉ ने कहा कि योग ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलवाई हैं। क्योंकि पूरे विश्व को योग भारत देश ने ही दिया है। जोकि हमारे देश के लिए गर्व की बात है और स्वास्थ्य दृष्टिकोण से योग ही स्वस्थ जीवन का आधार है। डॉ भूपेंद्र चांदवास ने बताया कि चरखी दादरी में 15 जून को सुबह साढ़े पांच बजे योगा मैराथन कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें जिले के 14 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे तथा नागरिक भाग ले सकते हैं।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612

## सुरेंद्र बने कर्मबीर तंवर तिगड़ाना संघर्ष समिति के अध्यक्ष

# तिगड़ाना को भिवानी में ही रखने की मांग को लेकर संघर्ष तेज

■ गांव तिगड़ाना से भिवानी मात्र छह किलोमीटर व हांसी 43 किलोमीटर दूर : युधिष्ठिर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** गांव तिगड़ाना में बैठक में विचार विमर्श करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव तिगड़ाना में मौजिज ग्रामीणों की बैठक का आयोजन किया। बैठक का उद्देश्य गांव तिगड़ाना को मात्र छह किलोमीटर दूर भिवानी की बजाय करीबन 43 किलोमीटर दूर हांसी जिले का हिस्सा बनाने की योजना को लेकर आगामी संघर्ष की रूपरेखा तैयार करना था। इसी कड़ी में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति ने तिगड़ाना संघर्ष समिति का गठन किया, ताकि गांव तिगड़ाना को भिवानी जिले का ही हिस्सा बने रहने देने की मांग को जोर-शोर से उठाया जा सकें। बैठक की अध्यक्षता युधिष्ठिर ने की। ग्रामीण नवीन तंवर ने बताया कि तिगड़ाना संघर्ष समिति का संयोजक कर्मबीर तंवर को नियुक्त किया। इस अवसर पर रतिपाल तंवर, रविंद्र तंवर, अनिल परमार, भोमराज, कर्मबीर दहिया, सतबीर दहिया, नवीन अधिवक्ता, सुरेंद्र पंच, रमेश सोनी, किस्मत वाल्मीकि, नरेंद्र मुदगिल, कमल सिंह प्रधाम, शेरसिंह, जितेंद्र तंवर, रामपाल तिगड़ी, सुनील शर्मा, डॉ. बॉबी शैली, मैनपाल तंवर, सुनील सेठी, भूप प्रधान, हंसराज, अश्विन शर्मा, मंजीत शर्मा, अजय बांडा, अमन तंवर, पंकज शेखावत व प्रवीण तंवर आदि मौजूद रहे।

**61 सदस्यों को संघर्ष समिति में शामिल किया**

इसके अलावा सरपंच सुरेंद्र कुमार को अध्यक्ष, पूर्व सरपंच प्रदीप को कार्यकारी अध्यक्ष, रविंद्र को कोषाध्यक्ष, राजेश प्रधान व परमजीत मड्डू को को महासचिव, धीरज तंवर, पूर्व सरपंच नेत्रपाल तंवर, ब्लॉक समिति चेयरमैन सीताराम शर्मा, दीपा प्रधान को उपाध्यक्ष, कंवर सिंह को सचिव, अधिवक्ता जोनपाल को कानूनी सलाहकार प्रमुख, नवीन तंवर को प्रचार प्रमुख नियुक्त किया। इसके साथ ही अन्य 61 सदस्यों को संघर्ष समिति में शामिल किया। इस मौके पर तिगड़ाना संघर्ष समिति के संयोजक कर्मबीर तंवर व जिला प्रधान सरपंच सुरेंद्र ने कहा कि गांव तिगड़ाना को हांसी में शामिल करने से ग्रामीणों की आर्थिक व अन्य परेशानियां बढ़ेगी, ऐसे में उनकी मांग है कि गांव तिगड़ाना को भिवानी जिले में शामिल रखा जाए तथा तिगड़ाना संघर्ष समिति इसी मांग को जोर-शोर से उठाएगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी कि उनकी मांग को नहीं माना तो वे बड़े से बड़ा संघर्ष करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।